अमर उजाला
बरेली
शुक्रवार, 15 सितंबर 2017
amarujala.com

PAGE NO. : 07 MIDDLE RIGHT

फोरेंसिक मेडिसिन पर एसआरएमएस में कान्फ्रेंस आज से

बरेली। एसआरएमएस में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग की ओर से इंडियन कांग्रेस ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी पर 16वीं राष्ट्रीय कान्फ्रेंस 15 से 17 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के साथ बढ़ते अपराधों, उनसे संबंधित चिकित्सकीय नियमों और कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कान्फ्रेंस में 15 राज्यों के मेडिकल कॉलेजों के प्रवक्ता भाग लेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला शामिल होंगे। ब्यूरो